III Semester B.Sc. Examination, November/December 2017
(Repeaters) (CBCS) (2015-16 Only)
LANGUAGE HINDI – III
Natak, Sahityakar Aur Sankshepan

Time : 3 Hours Max. Marks : 70

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक शब्द** या **वाक्य** में लिखिए। (10×1=10)

1) "चाणक्य और चाणक्य" नाटक के नाटककार कौन हैं ?

2) चाणक्य को अपमानित किसने किया था ?

3) "अर्थशास्त्र" की रचना किसने किया है ?

4) किसको रथ के पहिये से कुचला जा रहा था ?

BMSCW

5) रुद्रसेन के पिता का नाम क्या है ?

6) चाणक्य का दूसरा नाम क्या है ?

7) अभिनव कितने दिनों तक जेल में भूखा-प्यासा रहा ?

8) अभिनव के माता पिता कौन है ?

9) रुद्रसेन ने किसका अपहरण किया ?

10) चाणक्य के बचपन का मित्र कौन है ?

II. किन्हीं दो अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। (7×2=14)

1) "तुम भारतीय संस्कृति के संस्थापक होकर पराई नारी की ओर बढ़ रहे हो ।"

2) "सुवास ! कोई भी सच जीवन से बडा नहीं होता, क्योंकि मनुष्य का जीवन स्वयं एक अंतिम सच है"।

3) "आज मैं यह अनुभव कर रहा हूँ कि महान चिंतक वहीं हो सकता है जो सीधा मानवता की पीडा से जुडा होता है।"

III. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **(16×1=16)**

1) ''चाणक्य और चाणक्य'' नाटक के आधार पर ''सुवास'' का चरित्र चित्रण लिखिए।

2) ''चाणक्य और चाणक्य'' नाटक का सारांश लिखकर, उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

IV. किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए। **(5×2=10)**

1) अभिनव

2) चन्द्रगुप्त

3) न्यायपीठ का दृश्य।

V. किसी **एक** साहित्यकार का परिचय दीजिए। **(10×1=10)**

BMSCW

1) सूरदास

2) महादेवी वर्मा।

VI. निम्नलिखित अवतरण का उचित शिर्षक देते हुए **एक** तिहाई शब्दों में **संक्षेपण** कीजिए। **(10×1=10)**

सार्थक शब्दों के समूह या संकेत को भाषा कहते हैं। यह संकेत स्पष्ट होना चाहिए। मनुष्य के जटिल मनोभावों को भाषा व्यक्त करती है; किन्तु केवल संकेत भाषा नहीं है। रेलगाडी का गार्ड हरी झण्डी दिखाकर यह भाव व्यक्त करता है कि गाडी अब खुलनेवाली है; किन्तु भाषा में इस प्रकार के संकेत का महत्त्व नहीं है। सभी संकेतों को सभी लोग ठीक–ठीक समझ भी नहीं पाते और न इनसे विचार ही सही–सही व्यक्त हो पाते है। भाषा यादृच्छिक संकेत है। यहाँ शब्द और अर्थ में कोई तर्क संगत सम्बंध नहीं रहता। बिल्ली, कौआ आदि को क्यों पुकारा जाता है, यह बताना कठिन है।